वार्षिक रिपोर्ट
2006-07



सी-डॉट
C-DOT

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स

सी-डॉट
C-DOT

विषय सूची

सी–डॉट प्रबंधन मंडल 3

विहगावलोकन 4

31 मार्च को विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति. . . . 6

अन्य कार्यकलाप 9

लेखा विवरण 11

प्रबंधन मंडल

शासी परिषद

अध्यक्ष

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

उपाध्यक्ष

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री

सदस्य

रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार
अध्यक्ष, दूरसंचार आयोग
सदस्य (प्रभारी सी–डॉट), दूरसंचार आयोग
सदस्य (वित्त), दूरसंचार आयोग
सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, भारत संचार निगम लिमिटेड
कार्यकारी निदेशक, सी–डॉट
निदेशकगण, सी–डॉट

संचालन समिति

अध्यक्ष

अध्यक्ष, दूरसंचार आयोग

उपाध्यक्ष

सदस्य (प्रभारी सी–डॉट), दूरसंचार आयोग

सदस्य

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आई.टी.आई. लिमिटेड
निदेशक (योजना), भारत संचार निगम लिमिटेड
वरिष्ठ उप–महानिदेशक, टेलीकॉम इंजीनियरिंग सेंटर
उप–महानिदेशक (टीपीएफ), दूरसंचार आयोग
वरिष्ठ निदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
कार्यकारी निदेशक, सी–डॉट
निदेशकगण, सी–डॉट

परियोजना मण्डल

अध्यक्ष

कार्यकारी निदेशक, सी–डॉट

सदस्य

निदेशकगण, सी–डॉट

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी–डॉट) भारत सरकार का दूरसंचार प्रौद्योगिकी अनुसंधान और विकास केन्द्र है ।

सी–डॉट फिक्स्ड लाइन, मोबाइल और पैकेट आधारित कन्वर्ज्ड नेटवर्कों और सेवाओं के लिए संपूर्ण दूरसंचार समाधान, प्रौद्योगिकियां और अनुप्रयोग विकसित करता है। सी–डॉट इस समय रक्षा और सुरक्षा एजेंसियों के लिए परियोजनाओं, पैकेट आधारित अगली पीढ़ी के नेटवर्कों के लिए नेटवर्क समाधान विकसित करने और मौजूदा नेटवर्कों का लाभ उठाने को महत्व दे रहा है। सी–डॉट टर्नकी आधार पर सॉफ्टवेयर उन्मुख उत्पादों और समाधानों को भी महत्व दे रहा है। डिजिटल डिवाइड को दूर करने के लिए अन्य राष्ट्रीय आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ–साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए परियोजनाओं और ब्रॉडबैंड समाधानों के लिए उद्यम विकसित करना भी इन योजनाओं का हिस्सा है।

सी–डॉट के उत्पादों में एडवांस्ड इंटेलीजेंट नेटवर्क समाधान, एक्सेस नेटवर्क उत्पाद, वेवलेंथ डिविजन मल्टीप्लेक्सिंग (डब्ल्यू.डी.एम.) प्रणालियां, उपग्रह संचार प्रणालियां, नेटवर्क प्रबंधन प्रणालियां, प्रचालन समर्थन प्रणालियां, वॉइस तथा डाटा संचार के लिए सैल और पैकेट प्रौद्योगिकियां तथा ग्रामीण वायरलैस एक्सेस और सॉफ्टवेयर परिभाषित तथा कॉग्निटिव रेडियो आधारित ब्रॉडबैंड समाधान शामिल हैं। सी–डॉट फील्ड में मौजूदा पारम्परिक प्रणालियों को भी निरंतर समर्थन देता है।

दसवीं पंचवर्षीय योजना और वर्ष पर एक नजर

दसवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान भारत के दूरसंचार प्रौद्योगिकी क्षेत्र में जबरदस्त परिवर्तन हुआ और नेटवर्कों की विकास दर में अभूतपूर्व वृद्धि के साथ–साथ नवीन सेवाएं शुरू होने के कारण बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ी।

दसवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सी–डॉट द्वारा शुरू की गई अधिकतर योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और जो योजनाएं अधूरी हैं, उनके 11वीं योजना के प्रारंभिक एक या दो वर्ष के भीतर पूरी होने की संभावना है। इस समय चल रही 4 योजनाओं के शेष डिलीवरेबल पूर्ण होने के अग्रिम स्तर पर (85–90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है) है। योजना अवधि के दौरान प्रमुख प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों में हुई प्रगति और अन्य उपलब्धियां इस प्रकार हैं:–

- दसवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान सी–डॉट ने उपभोक्ताओं की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने और मौजूदा प्रौद्योगिकियों में विशिष्टताओं और सेवाओं को उन्नत बनाने के प्रयास जारी रखे।

- सी–डॉट ने नीतिपरक नेटवर्कों के लिए एटीएम स्विच विकसित किए और इस समय अत्याधुनिक नेक्स्ट जेनरेशन नेटवर्क (एनजीएन) प्रणालियां, एमपीएलएस रूटर इत्यादि विकसित कर रहा है। अन्य सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों के अलावा भारतीय नौसेना ने एटीएम प्रौद्योगिकी को अपनाया।

- सी–डॉट ने रेडियो, उपग्रह, वायरलैस और ऑप्टीकल फाइबर जैसे विविध माध्यमों पर एक्सेस और बैकबोन सम्पर्कता के लिए व्यापक श्रेणी के उत्पाद भी विकसित किए। आईडीआर उपग्रह पायलट प्रणाली को बीएसएनएल के वाणिज्यिक नेटवर्क में ऑप्टिकल फाइबर आधारित डब्ल्यूडीएम पायलट प्रणाली के साथ लगाया गया है।

- पिछले कई वर्षों के दौरान विकसित समाधानों और प्रगामी कौशल पर आधारित सॉफ्टवेयर के लाभ को देखते हुए सी–डॉट ने नवीन सॉफ्टवेयर उन्मुख उत्पाद और समाधानों के विकास पर ध्यान केन्द्रित किया है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ सी–डॉट व्यावसायिक बाजार में भी पकड़ बनाने में सफल रहा है। स्थानीय एक्सचेंजों, ट्रंक एक्सचेंजों और जीएसएम नेटवर्क के लिए नेटवर्क प्रबंधन प्रणालियां प्रमुख घटक हैं। बीएसएनएल और एमटीएनएल के बीच रोमिंग के लिए उपभोक्ता प्रबंधन, पारेषण प्रबंधन, क्लियरिंग हाउस, मिस्ड कॉल एलर्ट प्रणालियां और संवर्द्धित इंटेलीजेंट नेटवर्क फीचर इत्यादि भी महत्वपूर्ण है। कॉल इंटरसेप्शन और इंटेलीजेंस प्रणाली विकसित की गई और इसे प्रवर्तन निदेशालय ने लगाया है। बीएसएनएल में पायलट परीक्षण के बाद फिक्स्ड लाइन आधारित प्रणाली एमटीएनएल में भी लगाई गई।

- इंटेलीजेंट नेटवर्क प्रणालियां और आईएमपीसीएस पायलट सी–डॉट और बीएसएनएल, दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

- स्पैक्ट्रम नीति, ग्रामीण परियोजनाओं, पैसिव बुनियादी–ढांचे की साझेदारी में यूसोफा परियोजना इत्यादि जैसे सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर तथा तकनीकी समर्थन के माध्यम से सी–डॉट राष्ट्रीय अनुसंधान और विकास केन्द्र के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है।

- फाइबर एक्सेस प्रणालियां, वैल्यू इंजीनियर स्विचिंग आधारित मॉडयूल, नैक्स्ट जेनरेशन ऑप्टीकल फाइबर आधारित एसडीएच प्रणालियां इत्यादि जैसी कुछ योजनाओं में विकास विभिन्न कारणों से व्यावसायिक रूप में परिणत नहीं किया जा सका।

विकास में लगने वाला समय कम करने, इसकी गति बढ़ाने और प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में प्रवेश के लिए सी–डॉट ने विभिन्न मॉड्यूलों पर आधारित नीतिपरक भागेदारी की है जो परियोजना आधारित समझ, भागीदारों की मुख्य प्रौद्योगिकियां विकसित करने से लेकर इक्विटी आधारित उद्यमों तक फैला है।

- एक विदेशी कम्पनी के साथ संयुक्त इक्विटी आधारित भागीदारी में सी–डॉट मोबाइल वाइमैक्स जैसी 4जी प्रौद्योगिकी विकसित करेगा। लैब परीक्षण किए जा रहे हैं।

- ऑप्टिकल फाइबर, सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो और ब्रॉड बैंड, कॉग्निटिव रेडियो का प्रयोग करते हुए अगली पीढ़ी के नेटवर्क जीपॉन प्रणालियां परियोजना आधारित पारस्परिक गठबंधन के कुछ उदाहरण हैं।

- सी–डॉट ने ब्रॉड बैंड कॉग्निटिव रेडियो के लिए कनाडा के अनुसंधान केन्द्र के साथ, सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो के लिए वानु सिस्टम्स, यूएसए के साथ, मीडिया गेटवे के लिए इजराइल के ऑडियो कोड्स के साथ, सॉफ्ट स्विचों के लिए इजराइल के वोकल टेक और सिग्नलिंग गेटवे के लिए इंटेल कार्पोरेशन और परफोर्मेंस टेक्नोलोजिस के साथ संयुक्त उद्यम भागीदारी की है। सभी प्रणालियां सहयोग के आधार पर विकसित की गईं और इनका फील्ड परीक्षण किया जा रहा है।

वर्ष के दौरान कार्यकलाप

- वित्तीय वर्ष 2006–2007 के लिए योजनाओं/परियोजनाओं के डिलीवरेबल संबंधी प्रस्ताव तैयार करते समय शून्य आधारित बजट प्रक्रिया (जेडबीबी) अपनाई गई । आउटकम बजट के हिस्से के रूप में भौतिक लक्ष्य और वित्तीय लक्ष्य भी तिमाही आधार पर परिभाषित किए गए।

- वर्ष के दौरान शुरू किए गए कार्यकलाप और उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:–

व्यवसाय और उद्योग के लिए नवीन सेवाएं

- नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली (एनएमएस) संवर्धन
- प्रचालन समर्थन प्रणाली (ओएसएस)
- कॉल इंटरसेप्शन तथा इंटेलीजेंट प्रणाली (सीआईआईएस)
- प्रौद्योगिकी समर्थन के हिस्से के रूप में अन्य नवीन सेवाएं

एडवांस्ड इंटेलीजेंट नेटवर्क (आईएन) सेवाएं

- आईएन संवर्धन तथा आईएन आधारित सेवाएं
- **फाइबर तथा उपग्रह पर हाईबिट रेट नेटवर्क बैकबोन**
- सी–डॉट वेवलैंथ डिविजन मल्टीप्लेक्सिंग (डब्ल्यूडीएम)
- केयू बैंड में ब्रॉडबैंड उपग्रह प्रणाली (डीबीटीएस)
- गीगा बिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क (जीपॉन)
- **वाइस तथा डेट कंवर्जेंस के लिए सेल तथा पैकेट प्रौद्योगिकी**
- बीएसएनएल नेटवर्क में सी–डॉट एनजीएन समाधान
- एआईएसडीएन–17 (नौसेना) के लिए नेटवर्क विश्वसनीयता को अधिकतम बनाना
- **वायरलैस तथा मोबाइल संचार**
- वायरलैस एक्सेस प्रणाली
- **तकनीकी समर्थन सेवाएं – उत्पाद संवर्धन तथा फील्ड समर्थन**
- सी–डॉट मैक्स प्रौद्योगिकी संवर्धन
- सी–डॉट रैक्स प्रौद्योगिकी संवर्धन

व्यवसाय और उद्योग के लिए नवीन सेवाएं

नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली (एनएमएस)

परियोजना का संबंध स्थानीय एनएमएस, ट्रंक आटोमैटिक एक्सचेंज, (टैक्स), जीएसएम मोबाइल नेटवर्क और उपभोक्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए नेटवर्क प्रबंधन। एनएमएस में दोष का पता लगाना, गणना, निष्पादन, उपभोक्ता प्रबंधन और बहु विक्रेता और बहुप्रौद्योगिकी के इस माहौल में सुरक्षा शामिल है।

ट्रंक आटोमैटिक एक्सचेंज नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली (टैक्स एनएमएस) : सी–डॉट टैक्स एनएमएस की देशव्यापी स्थापना के लिए निविदा दस्तावेज को अंतिम रूप दिया गया।

जीएसएम नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली (जीएनएमएस) : जीएसएम आधारित मोबाइल नेटवर्क के लिए नेटवर्क प्रबंधन उपलब्ध करवाने हेतु जीएनएमएस लगाने के लिए बीएसएनएल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

सी–डॉट स्थानीय नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली (एलएनएमएस) : बीएसएनएल और एमटीएनएल के स्थलों में नए सॉफ्ट्वेयर लगाए गए तथा उपभोक्ता प्रबंधन कार्यों में कुछ परिवर्धन भी किए गए।

प्रचालन समर्थन प्रणाली (ओएसएस)

जीएसएम राष्ट्रीय रोमिंग के लिए क्लियरिंग हाउस के लिए अनुप्रयोग (सीएलएच) बीएसएनएल तथा एमटीएनएल के लिए पायलट/फील्ड परीक्षण शुरू हुआ।



कॉल इंटरसैप्शन तथा इंटेलीजेंस प्रणाली (सीआईआईएस)

सीआईआईएस वाइस, डेटा, फैक्स तथा एसएमएस पायरेशन को कानूनी रूप से इंटरसैप्ट करने के लिए खुफिया एजेंसियों की मदद करता है। इस प्रणाली में लैंड लाइन, मोबाइल तथा पैकेट स्विच्ड नेटवर्कों में सर्किट स्विच्ड कॉलों का इंटरसेप्शन शामिल है।

कानूनन इंटरसेप्शन प्रणाली (एलआईएस) : एलईआईएफ तथा एलईएमएफ (लॉफुल एंफोर्समेंट इंटरसेप्शन तथा निगरानी कार्य) में परिवर्धन किए गए। एलईए तथा एमटीएनएल, दोनों को प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं।

एडवांस्ड आईएन (एआईएन)

सी–डॉट इंटेलीजेंट नेटवर्क उत्पाद आधुनिकतम प्रौद्योगिकियों से युक्त हैं। सी–डॉट के आईएन समाधानों में पारम्परिक वायर लैन नेटवर्कों, जीएसएम तथा सीडीएमए मोबाइल नेटवर्कों और भावी पैकिट आधारित नेक्स्ट जेनरेशन और 3 जी आईएमएस नेटवर्कों पर आईएन सेवाएं शामिल हैं। इसमें पारम्परिक रूप से लोकप्रिय प्रीपेड, निशुःल्क, प्रीमियम प्रभारण वाली सेवाएं और नई पीढ़ी की इंटरनेट कॉल वेटिंग, सार्वभौमिक व्यक्तिगत दूरसंचार और नवीन मल्टीमीडिया सेवाएं उपलब्ध हैं। यह समाधान छोटे और बड़े विक्रेताओं की आवश्यकताओं के अनुरूप ढाला जा सकता है।

आईएन संवर्धन और आईएन आधारित सेवाएं

आईएन फिक्स्ड लाइन, जीएसएम, सीडीएमए और आईपी नेटवर्कों जैसे विभिन्न नेटवर्कों के लिए नई प्रौद्योगिकियों के प्रादुर्भाव पर निर्भर सेवाओं का समूह है।

आईएन संवर्धन विकास जीएसएम तथा सीडीएमए (विन) के लिए पूर्ण हो चुका है तथा क्षेत्र परीक्षण प्रगति पर है। कनवर्ज्ड आईपी नेटवर्क के लिए विकास जारी है।

फाइबर तथा उपग्रह पर हाईबिट रेट नेटवर्क बैकबोन

डीडब्ल्यूडीएम प्रणाली 2.5 जीबीपीएस की दर तक एक ही फाइबर पर 80 जीबीपीएस का थ्रूपुट प्रदान करने के लिए 32

वेवलैंथ को एक साथ पारेषित करने के लिए एक उच्च क्षमता की ऑप्टिकल फाइबर पारेषण प्रणाली है।

सी–डॉट वेवलैंथ डिविजन मल्टीप्लेक्सिंग (डब्ल्यूडीएम)

डीडब्ल्यूडीएम (डेंस वेवलैंथ डिविजन मल्टीप्लेक्सिंग) के लिए प्रौद्योगिक अनुमोदन प्राप्त हो चुका है, व्यावसायिक परियात के लिए बीएसएनएल द्वारा फील्ड परीक्षण उपकरण स्वीकार कर लिया गया है। टीईसी का परीक्षण सीडब्ल्यूडीएम (कोर्स डब्ल्यूडीएम) के लिए प्रगति पर है।

केयूबैंड में ब्रॉडबैंड उपग्रह प्रणाली (बीबीटीएस)

लैब में एकीकरण और परीक्षण कार्य प्रगति पर है तथा फील्ड परीक्षण शीघ्र ही शुरू होने की संभावना है।

जी–पॉन (गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क)

डिजाइन कार्यान्वयन प्रगति पर है और प्रौद्योगिकी संबंधी परीक्षण अगले छः माह में शुरू होने की संभावना है।

वाइस तथा डाटा कन्वर्जेंस के लिए सैल तथा पैकेट प्रौद्योगिकियां

सैल तथा पैकेट आधारित नेटवर्क पीएसटीएन आधारित दूरसंचार नेटवर्कों के विकास की अगली पीढ़ी के नेटवर्क हैं। बड़े दूरसंचार नेटवर्कों में इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) के प्रयोग से उपभोक्ताओं को बहुत ही कम कीमत में गुणवत्ता वाली सेवा की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है।

सी–डॉट की सैल आधारित एटीएम प्रणाली को रक्षा क्षेत्र में प्रयोग के लिए रखा गया है। इस समय चल रहे सहयोगात्मक कार्यक्रम में भारत की तीनों सशस्त्र सेनाओं की विशिष्ट नेटवर्किंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत इलैक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ व्यावसायिक समझौते के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं के लिए इन प्रणालियों को तैयार किया जा रहा है।

बीएसएनएल नेटवर्क में सी–डॉट एनजीएन (नेक्स्ट जेनरेशन नेटवर्क)

बीएसएनएल नेटवर्क में सी–डॉट एनजीएन समाधान के फील्ड परीक्षण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। क्लास 4 (आईपी टैक्स) तथा क्लास 5 (उपभोक्ता)

सेवाओं के परीक्षण के लिए रणनीतिपरक साझेदारों के साथ गुड़गॉव, नोएडा तथा बंगलूर में आबंटित स्थलों पर फील्ड परीक्षण प्रगति पर है।

एटीएम (एसिंक्रोनस ट्रांसफर मोड) आधारित एकीकृत शिपबोर्ड डाटा नेटवर्क (एआईएसडीएन–17) के लिए नेटवर्क विश्वसनीयता तथा अनुकूलन

एआईएसडीएन–17 नौसेना परियोजना के लिए रक्षा अनुकूलन तथा नेटवर्क विश्वसनीयता हेतु एटीएम का स्वीकार्यता परीक्षण, जिसमें एटीएम स्विच, नेटवर्क इंटरफेस यूनिट (एनआईयू), नेटवर्क हेल्थ मॉनीटरिंग प्रणाली (एनएचएमएस), निष्पादन मॉडलिंग तथा विलम्बता मापांकन इत्यादि का अनुकूलन शामिल है, पूर्ण हो चुका है तथा इस संबंध में सूचना शामिल की जा रही है। प्रणाली को वैधीकरण के लिए भेजा गया है जो शीघ्र ही पूरे होने की संभावना है।

वायरलैस और मोबाइल संचार

यह स्कीम लागत प्रभावी ग्रामीण वायरलैस अभिगम्यता और ब्रॉडबैंड समाधान के विकास से संबंधित है। इस योजना के अंतर्गत विकास में सभी आईपी वायरलैस अभिगम्यता तथा ब्रॉडबैंड समाधान का डिजाइन और विकास शामिल है जो मौजूदा पीएसटीएन नेटवर्क अवसंरचना में काम करता है। इस समाधान के दो अंग हैं :

ग्रामीण तथा दुर्गम क्षेत्रों तक वाइस संचार सेवा को सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो (एसडीआर) पर आधारित जीएसएम प्रौद्योगिकी तथा बाद में सीडीएमए वायरलैस प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए विस्तार करना। ये सेवाएं

व्यक्तिगत ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा तथा रोजगार जैसे सामाजिक आर्थिक विकास कार्यक्रमों को आसान बनाने के लिए ब्राडबैंड वायरलैस सेवाओं का प्रावधान।

वायरलैस अभिगम्यता प्रणाली

इसके लिए फील्ड परीक्षण का स्थल आबंटित तथा फील्ड में उपस्कर लगाया जा चुका है। फ्रीक्वैंसी आबंटन होते ही पायलट/फील्ड परीक्षण शुरू हो जाएगा।

पूर्वोत्तर क्षेत्र परियोजनाएं

पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए परियोजनाओं में नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली, उपग्रह आधारित सम्पर्कता, सॉफ्टस्विच आधारित पैकेट प्रौद्योगिकी तथा मौजूदा प्रणालियों के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन समर्थन से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं।

तकनीकी समर्थन सेवाएं

फील्ड समर्थन तथा उत्पाद समर्थन संवर्धन

सी–डॉट नेटवर्क में मौजूदा प्रौद्योगिकी के उन्नयन के लिए आवश्यक होने पर फील्ड स्टाफ को प्रशिक्षण देने और नेटवर्क में सुधार के जरिए उत्पाद समर्थन देना जारी रखता है तथा पुराने हो चुके अवयवों को बदलने संबंधी सहयोग भी देता है। स्विचिंग प्रणाली में सी–डॉट द्वारा किए गए विभिन्न संवर्धन इस प्रकार हैं:–

सी–डॉट मैक्स प्रौद्योगिकी संवर्धन – फीचर तथा बग फिक्सिंग इत्यादि

सी–डॉट स्विचिंग प्रणाली (मैक्स–एक्सएल तथा एसबीएम–एक्सएल) के लिए नया सॉफ्टवेयर 2218 (3.6) विकसित किया गया है। विभिन्न फील्ड स्थलों से बताए गए मीटरिंग तथा आईओपी स्थिरता संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए लैब परीक्षण किया जा रहा है। लैब वैधीकरण सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर इसके व्यापक प्रसार के लिए जल्द ही सॉफ्ट्वेयर लिंक फील्ड स्थलों पर भेजा जाएगा।

अतिरिक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सैंट्रेक्स फीचर इत्यादि के लिए एक नया क्लीन लिंक 2_2_1_9 भी

विकसित किया गया है जो इस समय लैब परीक्षण के अंतर्गत है, इस लिंक को व्यक्तिगत रिंगबैक टोन (पीआरबीटी), व्यस्त उपभोक्ताओं को कॉल समाप्ति (सीसीबीएस) तथा मैसेज प्रतीक्षा संकेत (एमडब्ल्यूआई) इत्यादि जैसी बीएसएनएल की अन्य आवश्यकताएं पूरी करने के लिए अपडेट किया जाएगा।

सी–डॉट रैक्स प्रौद्योगिकी संवर्धन – फीचर, बग फिक्सिंग इत्यादि

संपर्क की स्वतः बहाली के लिए सॉफ्टवेयर रूपांतर एएनआर–एफ 02–012.2 (पूर्व रूपांतर की तरह मैन्युअल रिसैट प्रचालन रोकने के लिए) का टीईसी परीक्षण तथा बीएसएनएल नेटवर्क में सेलम (तमिलनाडु) में सी–डॉट मैक्स–एक्सएल से जुड़े एएन रैक्स के 8 स्थलों पर फील्ड परीक्षण पूर्ण हो चुका है। स्थलों पर इसके लगाए जाने को अनुमोदन दे दिया गया है।

एएन–रैक्स (आईएसडीएन) प्रणाली – सी–डॉट एएन–रैक्स प्रौद्योगिकी का उन्नयन प्रणाली में आईएसडीएन क्षमता प्रदान करने के लिए एक अलग सैट–टॉप बॉक्स के रूप में अतिरिक्त कॉम्पैक्ट आईएसडीएन टर्मिनल यूनिट हार्डवेयर (सीआईटी) के विकास से किया गया है। इसके टीईसी परीक्षण तथा स्थानीय एक्सचेंज के रूप में ओसीबी – 283 तथा सी–डॉट एसबीएम–वीई के साथ फील्ड परीक्षण सफल होने के बाद इस प्रणाली को सॉफ्टवेयर रूपांतर एएनआर–एफ02–110 के साथ प्रौद्योगिक अनुमोदन दे दिया गया है । फील्ड में मौजूदा सी–डॉट 256 पीरैक्स तथा एएन रैक्स को आईएसडीएन क्षमता सहित उन्नत बनाया गया है।

व्यवसाय संवर्द्धन कार्यकलाप

सी–डॉट ने बीएसएनएल तथा एमटीएनएल के जीएसएम नेटवर्क में मिस्ड कॉल अलर्ट (एमसीए) लगाया है।

एमटीएनएल ने सी–डॉट के ''वीसीसी (वर्च्युअल कार्ड कॉलिंग) कार्ड के फर्स्ट कॉल एक्टिवेशन'' संबंधी व्यावसायिक प्रस्ताव को दिल्ली में एमटीएनएल के जीएसएम नेटवर्क में लगाने के लिए आईएन सेवाओं के हिस्से के रूप में स्वीकार कर लिया है।

बीएसएनएल तथा अन्य सरकारी एजेंसियों को ''सी–डॉट मैक्स–एल/एक्सएल से सीडीआर के कॉम्पैक्ट एम्बेडेड प्रणाली (सीईएस) ऑनलाइन एकत्रण'', उपभोक्ता प्रबंधन (एमएम), फंक्शनलिटी सी–डॉट एनएमएस'', ''लॉपुल इंटरसैप्शन प्रणाली एलआईएस'' संबंधी तकनीकी–व्यावसायिक प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए।

सी–डॉट ने मैसर्स जॉल्टेड इन्फॉर्मेटिक्स सिस्टम्स प्रा.लि. के साथ बीएसएनएल को जी–पॉन आधारित एफटीटीएच (फाइबर–टु–द–होम) प्रणाली के लिए रूचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत की है।

सी–डॉट ने बीएसएनएल के एक क्षेत्र में वीओआईपी उपस्कर की आपूर्ति, स्थापना, चालू करने और तकनीकी समर्थन के लिए निविदा हेतु अपने नीतिपरक भागीदार के साथ निविदा प्रस्तुत की है।

सी–डॉट ने डीआरडीओ को स्वदेशी नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली (एनएमएस) विकसित करने के लिए रूचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत की है।

सी–डॉट ने बीएसएनएल के नेटवर्क में सी–डॉट स्थानीय नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली (एलएलएमएस), टैक्स प्रबंधन तथा जीएसएम नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली (जीएनएमएस) लगाने के लिए बीएसएनएल के साथ समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

ग्रामीण तथा दूरस्थ क्षेत्रों में सैल्यूलर मोबाइल सेवाओं के लिए जरूरी बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के वास्ते सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि प्रशासन (यूसोफा) के साथ भी समझौता–ज्ञापन किया गया है।

सी–डॉट ने 'ए नोबेल आर्किटैक्चर फॉर ए मैसेज बस' के संबंध में यूएस पेटेंट आवेदन भी दिया है। सी–डॉट ने सी–डॉट हाई वोल्टेज प्रोटेक्शन (सीएचवीपी) सी–डॉट रैक्स तथा मैक्स प्रौद्योगिकियों संबंधी आईपीआर के लिए भी आवेदन किया है।

प्रदर्शनियां तथा सम्मेलन

सी–डॉट ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 4–6 दिसंबर, 06 तक आयोजित ''इंडिया आर एंड डी 2006:माइंड टु मार्किट'' में हिस्सा लिया। यह प्रदर्शनी विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, औद्योगिक नीति तथा संवर्द्धन तथा सीएसआईआर के साथ सहयोग से फिक्की ने आयोजित की थी। माननीय राष्ट्रपति ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

सी–डॉट ने दूरसंचार विभाग द्वारा फिक्की और टेमा के सहयोग से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी ''इंडिया टेलीकॉम 2006'' में भाग लिया। 14–16 दिसंबर, 06 तक प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन माननीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के साथ माननीय राष्ट्रपति जी ने किया।

सी–डॉट ने नई दिल्ली में 20–22 मार्च, 07 तक आयोजित ''कन्वर्जेंस इंडिया 2007'' में हिस्सा लिया।

सी–डॉट में हिन्दी को प्रोत्साहन

सी–डॉट में भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विविध प्रयास किए जा रहे हैं । इस संबंध में बहुत से नवीन और भिन्न कार्यक्रम शुरू किए गए हैं । दिल्ली और बंगलूर, दोनों केन्द्रों में हिन्दी में तकनीकी संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। सी–डॉट ने 14–28 सितम्बर, 2006 तक हिन्दी उत्सव का आयोजन किया। सुप्रसिद्ध उपन्यासकार और लेखिका कृष्णा सोबती ने उत्सव का उद्घाटन किया। पखवाड़े के दौरान श्री अशोक चक्रधर और श्री सुरेन्द्र शर्मा जैसे रचनाकारों को आमंत्रित किया गया। दोनों केन्द्रों में हिन्दी दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

राजभाषा संबंधी माननीय संसदीय समिति ने सी–डॉट में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की प्रगति का निरीक्षण किया तथा इसमें और सुधार के लिए सुझाव दिए।

सीएमएमआई पहल

उत्पाद विकास और समर्थन सेवाओं संबंधी सभी कार्यकलापों के लिए प्रक्रियाओं की विस्तृत परिभाषा पूर्ण कर ली गई है। ये प्रक्रियाएं पूरे संगठन में सभी परियोजनाओं के लिए लागू हैं तथा इंजीनियरिंग, समर्थन, परियोजना प्रबंधन और प्रक्रिया प्रबंधन कार्यकलापों को परिभाषित करती हैं। ये सीएमएमआई मॉडेल के परिपक्वता स्तर 3 प्रक्रिया क्षेत्र तक मापांकन योग्य है।

इन प्रक्रियाओं के निष्पादन में सहयोग के लिए दिशानिर्देशों, टैम्पलेट, प्रपत्र, जांचसूची और भंडार सहित संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) तैयार कर ली गई है। प्रयोक्ता अभिमुखीरकण पूर्ण कर लिया गया है तथा प्रणाली संगठन की परियोजनाओं में रोल–आउट तथा कार्यान्वयन के लिए तैयार है।

वर्ष 2006–2007 के लेखों का विवरण

वित्तीय विशेषताएं 13

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट एवं प्रबंधन मंडल के उत्तर 16

अंकेक्षित लेखे 19

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां 34

लेखाओं पर टिप्पणी 48

पूंजीगत परिसम्पत्तियों में सकल वृद्धि
वर्ष 2002–2003 से 2006–2007 तक

(रू. करोड़ में)



31.03.2007 तथा 31.03.2006 को लाइसेंसधारकों से वसूलीयोग्य प्रौद्योगिकी हस्तांतरण/रॉयल्टी

(रू. करोड़ में)

क्र.सं.	लाइसेंसधारक	31.03.2007 को बकाया राशि	31.03.2006 को बकाया राशि	अभ्युक्ति
	पीएसयू– (क)			
1	बीईएल	0.47	0.49	
2	बीएचईएल	0.60	0.90	
3	ईसीआईएल	0.46	1.21	
4	आईएलकोटा	1.90	2.17	
5	आईटीआई	22.80	22.80	सी–डॉट ने बंगलूर में इस कंपनी का भवन तथा खुली जमीन को अपने स्वामित्व में लिया है।
6	पीसीएल	1.89	2.72	बकाया राशि को चरणबद्ध तरीके से समायोजित किया जा रहा है।
	उप–योग (क)	28.12	30.29	
	गैर–पीएसयू (ख)			
1	एचटीएल	6.59	6.35	चरणबद्ध तरीके से राशि वसूलने के प्रयास किये जा रहे हैं।
2	सीजीएल	2.05	2.20	कानूनी कार्यवाही पर विचार
3	आरटीएल	0.23	0.43	कानूनी कार्यवाही पर विचार
4	यूटीएल	0.32	0.82	वर्ष के दौरान 50 लाख रू. की राशि वसूली गई। शेष राशि के लिए उत्तर दिनांकित चैक प्राप्त किए गए
5	अन्य	0.05	0.05	राशि वसूलने के प्रयास किए जा रहे हैं
	उप–योग (ख)	9.24	9.85	
	योग (क)+(ख)	37.36	40.14	

पिछले पांच वर्ष के अंत में नेटवर्थ

(रू. करोड़ में)



31 मार्च 2007 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स के खातों के संबंध में लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट एवं उनके संबंध में प्रबंधन मंडल के उत्तर

सेवा में,

सदस्यगण,
सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (केन्द्र)

क्र.सं.	लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	प्रबंधन मंडल का उत्तर
1	हमने टेलीमैटिक्स विकास केन्द्र के 31 मार्च 2007 तक के तुलनपत्र और इसी तारीख को समाप्त वर्ष के प्राप्ति और भुगतान लेखा तथा व्यय लेखे, जो उसके साथ संलग्न हैं, की लेखा परीक्षा की है। रिपोर्ट इस पत्र के साथ संलग्न है। इन वित्तीय विवरणिकाओं के लिए केन्द्र का प्रबंधन मंडल उत्तरदायी है। हमारा उत्तरदायित्व, हमारे लेखा परीक्षण के आधार पर इन वित्तीय विवरणिकाओं के बारे में अभिमत व्यक्त करना है।	वित्तीय विवरण तैयार करना केन्द्र की जिम्मेदारी है। लेखा–परीक्षकों को केंद्र द्वारा वर्षानुवर्ष तैयार किए गए विवरणों पर अपनी राय मात्र देनी होती है। इस प्रकार, यह टिप्पणी तथ्यपरक है।
2	हमने अपना लेखा परीक्षण भारत में सामान्य रूप से अपनाए गए लेखा परीक्षण मानकों के अनुसार किया है। ये मानक अपेक्षाएं करते हैं कि हम अपने लेखा परीक्षण की योजना व निष्पादन इस तरह से करें कि इस बारे में युक्तिसंगत आश्वासन प्राप्त हो जाए कि क्या वित्तीय विवरणिकाएं सामग्री अयथार्थ विवरण से मुक्त हैं। लेखा परीक्षण में परीक्षण आधार पर जांच, राशियों के समर्थन में प्रमाण और वित्तीय विवरणिकाओं का प्रकटीकरण शामिल होता है। लेखा परीक्षण में प्रयुक्त लेखाकरण सिद्धांतों का निर्धारण, और प्रबंधन मंडल द्वारा तैयार किया गया महत्वपूर्ण प्राक्कलन तथा समग्र वित्तीय विवरण प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन भी शामिल होता है। हमें विश्वास है कि हमारा लेखा परीक्षण हमारे अभिमत के लिए युक्तियुक्त आधार उपलब्ध कराता है।	यह टिप्पणी भी तथ्यपरक है। लेखा–परीक्षकों ने वर्ष 2006–2007 के वित्तीय विवरण की लेखा–परीक्षा इन विवरणों में दर्शाई गई जानकारी के समर्थन में प्रस्तुत साक्ष्य तथा इस उद्देश्य के लिए अपनाए गए सिद्धांतों के आधार पर की है।
3	लेखा के हिस्से के रूप में अनुसूची–15– महत्वपूर्ण लेखा नीतियां की टिप्पणी सं. 12 (ख) के संदर्भ में ध्यान आकर्षित किया जाता है, जो योग्य कार्मिकों का हिसाब नगद आधार पर लगाने के बारे में है।	(क) पात्र कर्मचारियों को ग्रेच्युटी : यद्यपि हमने सभी व्यय की गणना के लिए प्रोद्भवन प्रणाली का प्रयोग किया है, तथापि पात्र कर्मचारियों को ग्रेच्युटी के मामले में, हम ग्रेच्युटी राशि का निपटान 'जब जाओ भुगतान पाओ' पद्धति को अपनाकर करते हैं। यह पद्धति सी–डॉट में शुरूआत से है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में केन्द्र को छोड़कर जाने वाले इंजीनियरों की संख्या

क्र.सं.	लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	प्रबंधन मंडल का उत्तर

काफी अधिक है। अतः अब तक यह महसूस किया गया कि पात्र कर्मचारियों को वास्तविक आधार पर ग्रेच्युटी देयता की गणना की जाए तथा इसी के आधार पर लेखाओं में इसका प्रावधान किया जाए।

यह प्रथा प्रत्येक वर्ष के लिए अपनाई गई महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों संबंधी विवरण में दर्शाई जाती है, क्योंकि यह वास्तविक आधार पर व्यय की गणना के लिए सामान्य नीति से भिन्न है।

(ख) पात्र कर्मचारियों को अनुग्रह राशि का भुगतानः

1. इस शीर्ष के अंतर्गत व्यय का लेखांकन भी प्रोद्भवन आधार पर नही किया जाता है।
2. अतः केन्द्र के लेखाओं में प्रत्येक वर्ष कोई प्रावधान नहीं किया जाता।
3. इसका ब्योरा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के विवरण में दिया गया है।
4. यह निम्नलिखित तथ्यों के कारण है :

- शासी परिषद् ने 30 मार्च 1999 को आयोजित अपने बैठक के निर्णय लिया था कि पात्र कर्मचारियों को दूरसंचार विभाग के समकक्ष कर्मचारियों के समान बोनस का भुगतान किया जाए।
- 1999 में दूरसंचार विभाग ने अपने पात्र कर्मचारियों को उत्पादकता से जुड़ा बोनस (पीएलबी) देने का निर्णय लिया। तदनुसार, सी–डॉट ने भी केन्द्र के पात्र कर्मचारियों को पीएलबी का भुगतान करने का फैसला किया।
- तथापि, वर्ष 2000 के बाद से, जब दूरसंचार विभाग भारत संचार निगम लि. के गठन के बाद से व्यावसायिक विभाग नहीं रहा, बोनस का पैटर्न बदल दिया गया और पीएलबी के स्थान पर तदर्थ आधार पर इसका भुगतान किया गया।
- सी–डॉट में पात्र कर्मचारियों को इसके भुगतान का जारी रहना प्रत्येक वर्ष दूरसंचार विभाग की नीति पर निर्भर करता है।
- अतः सी–डॉट के लेखाओं में प्रत्येक वर्ष ऐसे बोनस का प्रावधान नहीं किया जा सकता।

क्र.सं.	लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	प्रबंधन मंडल का उत्तर
4	उपर्युक्त के अध्यधीन हम रिपोर्ट देते हैं कि : 1. हमने अपनी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक सभी सूचनाएं और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं। 2. हमारे विचार से और जैसा कि बही–खातों की जांच के अनुसार केन्द्र ने विधि द्वारा अपेक्षानुसार समुचित बही–खाता रखे हुए हैं । 3. इस रिपोर्ट में दिया गया तुलनपत्र, प्राप्ति एवं भुगतान लेखा और आय एवं व्यय लेखा, जिनके बारे में यह रिपोर्ट है, वे ऐसे बही–खातों से मेल खाते हैं । 4. हमारी राय में और हमारी अधिकतम जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उक्त दस्तावेजों को उनसे संबंधित **टिप्पणियों** की शर्त के साथ पढ़ने पर भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप सही और सच्चा चित्र प्रस्तुत करती हैं: क. 31 मार्च 2007 तक केन्द्र के कार्यो से संबंधित तुलन–पत्र के मामले में; ख. इसी तारीख तक आय और व्यय के लेखे एवं वर्ष के अंत तक आय से अधिक व्यय की अधिकता के मामले में तथा ग. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान प्राप्ति एवं भुगतान लेखा इसी तारीख को समाप्त वर्ष के दौरान किए गए प्राप्ति और भुगतान के सार के मामले में ।	तथ्यपरक है, अतः कोई टिप्पणी आवश्यक नहीं।

कृते के. वेंकटाचलम अय्यर एंड कं.
सनदी लेखापाल

ह/–
एम. शिवकुमार
भागीदार
सदस्यता सं. 23844
बंगलूर
8 जून 2007

कृते सेंटर फॉर डेवलपमैंट ऑफ टेलीमैटिक्स

ह/–
विजय मदान
कार्यकारी निदेशक

31 मार्च.... की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र

(रूपये में)

	अनुसूची सं.	2007	2006
समग्र / पूंजीगत निधि और देयताएं			
समग्र / पूंजीगत निधि	1	3,046,631,075.07	2,665,208,131.69
सुरक्षित तथा अतिरेक राशियां	2	34,658,685.67	34,658,685.67
चालू देयताएं और प्रावधान	3	182,451,948.30	147,340,662.18
योग		3,263,741,709.04	2,847,207,479.54
परिसम्पत्तियां			
स्थायी परिसम्पत्तियां	4		
सकल मान		4,238,553,698.26	4,054,388,920.77
घटाएं: मूल्यह्रास		2,702,232,735.85	2,490,584,420.30
निविल मान		**1,536,320,962.41**	**1,563,804,500.47**
मार्गस्थ परिसम्पत्ति	4	2,722,125.00	9,188,045.44
भंडार में पूंजीगत मदें	4	1,217,072.00	0.00
पूंजीगत कार्य प्रगति में	5	880,719.00	180,719.00
निवेश–दीर्घकालीन	6	390,000,000.00	130,000,000.00
चालू परिसम्पत्तियां, ऋण, अग्रिम और जमा	7	1,332,600,830.63	1,144,034,214.63
योग		**3,263,741,709.04**	**2,847,207,479.54**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	15		
लेखांकन के संबंध में टिप्पण	16		

अनुसूचियां 1 से 7, 15 और 16 तुलनपत्र के अभिन्न अंग हैं।

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स के बोर्ड के निमित्त और उसकी ओर से

ह/–
पी. वेंकटेसन
मुख्य वित्त अधिकारी

ह/–
विजय मदान
कार्यकारी निदेशक

हमारी इसी तारीख की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते के. वेंकटाचलम अय्यर एंड कं.
सनदी लेखापाल

स्थान: बंगलूर
दिनांक: 8 जून, 2007

ह/–
एम. शिवकुमार
भागीदार,
सदस्यता सं 23844

आय और व्यय लेखे

31 मार्च.... को समाप्त वर्ष के लिए

(रूपये में)

	अनुसूची सं.	2007	2006
आय			
प्रौद्योगिकी हस्तांतरण शुल्क, रॉयल्टी, एफएसआर तथा प्रकाशन	8	462,977,486.00	43,081,460.00
अर्जित ब्याज	9	6,096,803.68	30,138,381.85
अन्य आय	10	14,700,608.45	16,425,211.35
योग (क)		**483,774,898.13**	**89,645,053.20**
व्यय			
स्थापना व्यय	11	371,969,352.61	369,413,374.99
प्रचालन व्यय	12	139,418,677.30	97,461,624.28
अन्य प्रशासनिक व्यय	13	145,527,802.89	170,241,894.70
मूल्य ह्रास	4	232,103,198.31	234,509,700.75
योग (ख)		**889,019,031.11**	**871,626,594.72**
इस वर्ष की आय से अधिक व्यय ग = (ख – क)		**405,244,132.98**	**781,981,541.52**
जोड़ें/घटाइए(–): पिछले वर्षों से संबंधित समायोजन राशि	14	33,332,923.64	-14,624,738.48
आय से अधिक व्यय होने की अधिक राशि का शेष		**438,577,056.62**	**767,356,803.04**
जोड़ें: पिछले वर्षों की आय से अधिक व्यय		8,030,145,030.43	7,262,788,227.39
समग्र निधि/पूंजीगत निधि से अग्रेनीत घाटा का शेष		**8,468,722,087.05**	**8,030,145,030.43**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीति	15		
लेखांकन के संबंध में टिप्पण	16		

अनुसूचियां 4, 8 से 16 आय और व्यय लेख के अभिन्न अंग हैं।

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स के बोर्ड के निमित्त और उसकी ओर से

ह/–
पी. वेंकटेसन
मुख्य वित्त अधिकारी

ह/–
विजय मदान
कार्यकारी निदेशक

हमारी इसी तारीख की संलग्न अलग रिपोर्ट के अनुसार
कृते के. वेंकटाचलम अय्यर एंड कं.
सनदी लेखापाल

स्थान: बंगलूर
दिनांक: 8 जून, 2007

ह/–
एम. शिवकुमार
भागीदार,
सदस्यता सं 23844

अनुसूची 1 – समग्र/पूंजीगत निधि

(31 मार्च.... की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र का भाग)

(रूपये में)

	2007		2006	
इलैक्ट्रॉनिकी विभाग से अनुदान (वर्तमान में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग)				
संचित शेष राशि		335,200,000.00		335,200,000.00
दूरसंचार विभाग से अनुदान				
वर्ष के प्रारंभ में शेष राशि	10,360,153,162.12		9,608,953,162.12	
जोड़ें: वर्ष के दौरान समग्र/पूंजीगत निधि के प्रति अंशदान	820,000,000.00	11,180,153,162.12	751,200,000.00	10,360,153,162.12
उप–योग (क)		**11,515,353,162.12**		**10,695,353,162.12**
घटाएं: आय और व्यय लेखा से अंतरित निवल व्यय की शेष राशि (ख)		8,468,722,087.05		8,030,145,030.43
उप–योग (ख)		8,468,722,087.05		8,030,145,030.43
योग (क) – (ख)		**3,046,631,075.07**		**2,665,208,131.69**

अनुसूची 2 – सुरक्षित तथा अतिरेक राशियां

(31 मार्च.... की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र का भाग)

(रूपये में)

	2007		2006	
सामान्य सुरक्षित निधि				
वर्ष के प्रारंभ में शेष	34,658,685.67		34,658,685.67	
जोड़ें: वर्ष के दौरान वृद्धि	0.00	34,658,685.67	0.00	34,658,685.67
योग		**34,658,685.67**		**34,658,685.67**

अनुसूची 3 – चालू देयताएं और प्रावधान

(31 मार्च.... की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र का भाग)

(रूपये में)

	2007		2006	
चालू देयताएं और प्रावधान				
1. विविध लेनदार				
क) सामान के लिए	16,311,542.00		12,135,422.69	
ख) अन्य	66,695,251.00	83,006,793.00	55,299,997.00	67,435,419.69
2. प्राप्त अग्रिम				
– निधिक परियोजनाओं के लिए		52,599,776.22		29,497,629.45
3. सांविधिक देयताएं		5,965,931.00		6,190,881.00
4. अन्य चालू देयताएं		40,879,448.08		44,216,732.04
योग		**182,451,948.30**		**147,340,662.18**

अनुसूची 4 – स्थायी परिसम्पत्तियां

(31 मार्च.... की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र का भाग)

(रूपये में)

	सकल मान				मूल्यह्रास				निवल मान	
	01.04.2006 को	वृद्धियां	समायोजन/बट्टे खाते में	31.03.2007 को	01.04.2006 को	वर्ष के दौरान	समायोजन/बट्टे खाते में	31.03.2007 को	31.03.2007 को	31.03.2006 को
